प्रादेशिक समाचार

दिनांक–13.04.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में किया रोड शो, कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज महाराष्ट्र में करेंगे जनसभा।
- भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा –सबका साथ, सबका विकास के साथ पूरा होगा एनडीए के 400 पार का संकल्प, इंडी गठनबंधन की रांची में 21 अप्रैल को होने वाली महारैली के लिए 12 एजेंडा तय।
- बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण झारखंड के लोगों को गर्मी से मिली हल्की राहत, रांची सहित कई जिलों का अधिकतम तापमान औसत से नीचे।
- चैती छठ को लेकर रांची सहित राज्यभर में उत्साह का माहौल, आज शाम खरना पूजा के साथ शुरू होगा 36 घंटे का निर्जला उपवास।
- देशभर के साथ ही राज्यभर में आज मनाई जा रही है बैसाखी, रांची के गुरूद्वारों में सजेगा विशेष दीवान।

*******************

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाड़मेर जनसभा के बाद लोकसभा चुनाव के लिए अपना पहला रोड शो कल राजस्थान के दौसा में किया। यह रोड शो शाम करीब सवा पांच बजे दौसा के गांधी तिराहा से शुरू होकर गुप्तेश्वर सर्किल पर समाप्त हुआ। श्री मोदी ने 50 मिनट तक लगभग सवा किलोमीटर तक लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। लोगों ने प्रधानमंत्री पर फूल बरसाए। श्री मोदी के साथ राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीना और दौसा से पार्टी प्रत्याशी कन्हैया लाल मीना भी रोड शो में शामिल हुए।

*******************

महाराष्ट्र में, लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए प्रचार ज़ोरों पर है और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जनसभा कर रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज भंडारा–गोंदिया लोकसभा निर्वाचन–क्षेत्र में महाविकास अघाड़ी उम्मीदवार डॉक्टर प्रशांत यादवराव पडोले के लिए प्रचार करेंगे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कल नागपुर में छंबल चौक पर जनसभा को संबोधित करेंगे। महाराष्ट्र में पहले चरण में विदर्भ की पांच लोकसभा सीटों पर इस महीने की 19 तारीख़ को मतदान होगा।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास के साथ एनडीए के 400 पार का संकल्प पूरा होगा। श्रीमरांडी कल रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, राजद के प्रदेश महासचिव हरदेव साहू सहित अंजू देवी के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडी गठबंधन परिवार के लिए राजनीति करता है पर देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा है और वह विकसित भारत के लिये मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है।

*******************

राजधानी रांची में 21 अप्रैल को होने वाली इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय रैली के लिए एजेंडा तय कर दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने इन 12 एजेंडों को कल सार्वजनिक किया। उन्होंने कहा कि इस महारैली में तानाशाही, चंदा चोरी, इलेक्टोरल बांड, जल जंगल जमीन की लूट के खिलाफ सहित 12 मुद्दों पर आवाज बुलंद की जायेगी। श्रीमती सोरेन ने कहा कि इंडी गठबंधन के वरिष्ठ नेता इस रैली के माध्यम से केंद्र सरकार और भाजपा के खिलाफ शंखनाद करेंगे।

*******************

लोकसभा चुनाव के दौरान रामगढ़ जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की ओपीडी पर्ची पर –रामगढ़ करेगा वोट, 20 मई अंकित करने का निर्देश दिया गया, जिससे अस्पताल आने वाले लोगों को मतदान की तिथि याद कराई जा सके।

*******************

खूंटी जिले में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसे लेकर – वोट जैसा कुछ नहीं, वोट जरूर डालेंगे हम की थीम से अवगत कराते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करने को लेकर जागरूक किया गया।

*******************

देवघर जिले के शत प्रतिशत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने को लेकर विशेष शिविर लगाया जा रहा है। कल से शुरू हुआ यह शिविर चार मई तक चलेगा। इस दौरान सभी मतदान केन्द्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर फॉर्म छह के माध्यम से नये मतदाताओं का आवेदन प्राप्त करेंगे।

*******************

चतरा जिले में लोकसभा चुनाव के दौरान नक्सलियों द्वारा दहशत फैलाने की योजना को सुरक्षाबलों ने नाकाम कर दिया है। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में कल चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के जंगल से पुलिस ने दो सिलिंडर बम के अलावा बम बनाने का सामान और बिजली का तार बरामद किया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर चतरा पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के द्वारा लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है ।

*******************

रातू महाराज के वंशज और जाने –माने अधिवक्ता लाल स्वतंत्र नाथ शाहदेव ने अपनी ऐतिहासिक विरासत को संजो कर रखा है, जो प्रदेश की गौरवशाली अतीत के दर्शन कराता है।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

*******************

बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र के कारण झारखंड के लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली है। रांची का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो अप्रैल के औसत से लगभग साढ़े तीन डिग्री कम है, जबकि जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो अप्रैल के औसत से लगभग चार डिग्री कम है, वहीं दूसरी ओर अन्य जिलों का तापमान भी औसत से नीचे गया है।

*******************

आकाशवाणी की प्रधान महानिदेशक डॉ० वसुधा गुप्ता ने कल भागलपुर में आकाशवाणी केंद्र में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आकाशवाणी केंद्र की विभिन्न गतिविधियों और प्रसारण की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। वहीं उन्होंने केंद्र के अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। श्रीमती गुप्ता आज पटना में आकाशवाणी केंद्र पटना और राज्य के अन्य केंद्रों के विभिन्न कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगी।

*******************

चैती छठ को लेकर राजधानी रांची सहित राज्यभर में उत्साह का माहौल है। आज शाम खरना पूजा के साथ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा। कल अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और सोमवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिनों के इस महापर्व का समापन होगा।

.*******************

देशभर के साथ ही राज्यभर में आज बैसाखी का त्योहार मनाया जा रहा है। इसे लेकर रांची के रातु रोड स्थित गुरूद्वारा और गुरूनानक स्कूल में विशेष दीवान सजेगा। वहीं लंगर का भी आयोजन किया जाएगा। बैसाखी को लेकर कल मेन रोड गुरूद्वारा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल सीपीराधाकृष्णन भी शामिल हुए।

*******************

- देवघर कॉलेज के पास पुलिस ने छापेमारी कर 120 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है, जबकि सभी आरोपी फरार हो गए। वहीं देवघर नगर थाना क्षेत्र में करन्ट से एक व्यक्ति की मौत हो गई।
- रामगढ़ पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर जिले के गोला से लाखों रुपये की अंग्रेजी और देसी शराब जब्त की है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने लोकसभा चुनाव से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
प्रभात खबर ने लिखा है झारखण्ड पार्टी की खूंटी समेत छह सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी, तीन सीटों पर उम्मीदवार घोषित।
हिन्दुस्तान की सुर्खी है – इंडिया 12 मुद्दों पर केन्द्र को घेरेगा।
रांची एक्सप्रेस ने इंडी गठबंधन की 21 अप्रैल को रांची में होनेवाली रैली के लिए तय एजेन्डे की खबर को प्रमुखता दी है।
दैनिक भास्कर ने झारखंड उच्च न्यायालय में सांसदों और विधायकों के खिलाफ सीबीआई जांच पर सुनवाई की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
दैनिक जागरण ने उधमपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुनावी सभा को सुर्खी बनाई है।

राष्ट्रीय नवीन मेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हवाले से लिखा है जम्मू कश्मीर में जल्द होगा विधानसभा चुनाव।

वहीं अंग्रेजी अखबार हिन्दुस्तान टाइम्स और द टाइम्स ऑफ इंडिया ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उधमपुर में सभा की खबर को प्रमुखता दी है।

********************